# कार्डियोमायोपैथी क्या है?

कार्डियोमायोपैथी दिल की मांसपेशियों की एक बीमारी है, जो सभी उम्र और पृष्ठभूमि वाले लोगों को प्रभावित करती है।

यह अक्सर माता-पिता से बच्चे में आनुवंशिक रूप से पहुंचती है।

अक्सर इसके ऊपर किसी का ध्यान नहीं जाता, गलत रूप से पहचान की जाती है या फिर बहुत देर से पहचाना जाता है, और इसके नतीजे बहुत गंभीर हो सकते हैं।

**250 में से 1 व्यक्ति** में कार्डियोमायोपैथी से पीड़ित होगा[1]

## कार्डियोमायोपैथी...

...35 साल से कम उम्र के लोगों की दिल के दौरे से होने वाली मौत की मुख्य वजह है[2].

...हार्ट ट्रांसप्लांट की मुख्य वजह है[3].

...दिल की धड़कन रुकने की बड़ी वजह है[4].

## इसके ये लक्षण हैं:

- दिल की अनियमित या तेज़ धड़कन
- थकान
- सांस फूलना या सांस लेने में तकलीफ़ होना
- चक्कर आना या बेहोश होना
- सीने में भारीपन या दर्द
- पेट में सूजन
- टांगों, टखनों और पैरों में सूजन

इलाज और जीवनशैली में बदलाव से जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है।

## कार्डियोमायोपैथी के बारे में सोचें!

- लक्षणों पर ध्यान दें.
- अपने परिवार की सेहत का इतिहास जानें.
- अगर आपको लगता है कि आपको इसका ज़ोखिम हो सकता है, तो अपने डॉक्टर से बात करें।.

1. https://www.escardio.org/The-ESC/Press-Office/Press-releases/First-international-guidelines-on-heart-muscle-diseases-published-today
2. https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC9881489/
3. https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC4133547/
4. https://pubmed.ncbi.nlm.nih.gov/30989768/

Global Heart Hub
globalhearthub.org

Think Cardiomyopathy.